# सामान्य हिन्दी

**Set - 3 : 2019**
**302 (CU)**

***समय : तीन घण्टे 15 मिनट*** ] [ ***पूर्णांक : 100***

***नोट*** – प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**( खण्ड-क )**

1. (क) डॉ0 वासुदेवशरण का निबन्ध-संग्रह है– 1

(i) माता भूमि (ii) शेष स्मृतियाँ

(iii) विचार-प्रवाह (iv) रस-मीमांसा।

(ख) 'हिन्दी प्रदीप' के सम्पादक थे– 1

(i) प्रताप नारायण मिश्र (ii) बालकृष्ण भट्ट

(iii) ठाकुर जगमोहन सिंह (iv) राधाचरण गोस्वामी।

(ग) आलोचनात्मक कृति 'कालिदास की लालित्य योजना' के लेखक हैं– 1

(i) हरिशंकर परसाई (ii) मोहन राकेश

(iii) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी (iv) सुदर्शन।

(घ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस विधा की रचना है? 1

(i) आत्मकथा की (ii) जीवनी की

(iii) संस्मरण की (iv) रिपोर्ताज की।

(ङ) निम्नलिखित में से किस उपन्यास की रचना हरिशंकर परसाई द्वारा की गई है? 1

(i) पुनर्नवा (ii) निर्मला

(iii) रानी नागफनी की कहानी (iv) सुखदा।

2. (क) रीतिकाल की प्रमुख विशेषता है– 1

(i) प्रकृति चित्रण (ii) ईश्वर वन्दना

(iii) युद्धों का सजीव वर्णन (iv) मुक्तक काव्य रचना।

(ख) कौन-सी रचना रामधारी सिंह 'दिनकर' की नहीं है? 1

(i) हुंकार (ii) रश्मिरथी

(iii) चित्राधार (iv) रेणुका।

(ग) 'यामा' रचना है– 1

(i) जयशंकर प्रसाद की (ii) महादेवी वर्मा की

(iii) अज्ञेय की (iv) सुमित्रानन्दन पंत की।

(घ) हिन्दी साहित्य के आदिकाल के लिए 'चारण काल' नाम दिया है– 1

(i) राहुल सांकृत्यायन ने (ii) रामचन्द्र शुक्ल ने

(iii) डॉ० रामकुमार वर्मा ने (iv) डॉ० नगेन्द्र ने।

(ङ) किस कवि को 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार नहीं मिला? 1

(i) रामधारी सिंह 'दिनकर' को (ii) महादेवी वर्मा को

(iii) सुमित्रानन्दन पंत को (iv) जयशंकर प्रसाद को।

3. दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

मुझे मानव-जाति की दुर्दम-निर्मम धारा के हजारों वर्ष का रूप साफ दिखाई दे रहा है। मनुष्य की जीवनी-शक्ति बड़ी निर्मम है, वह सभ्यता और संस्कृति के वृथा मोहों को रौंदती चली आ रही है। न जाने कितने धर्माचार्यों, विश्वासों, उत्सवों और व्रतों को धोती-बहाती यह जीवन-धारा आगे बढ़ी है। संघर्षों से मनुष्य ने नई शक्ति पाई है।

(i) लेखक को क्या स्पष्ट दिखाई दे रहा है?

(ii) मनुष्य ने नई शक्ति किससे पाई है?

(iii) 'धर्माचारों' और 'विश्वासों' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(iv) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(v) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

***अथवा***

यदि यह नवीनीकरण सिर्फ कुछ पंडितों की व आचार्यों की दिमागी कसरत ही बनी रहे तो भाषा गतिशील नहीं होती। भाषा का सीधा सम्बन्ध प्रयोग से है और जनता से है। यदि नए शब्द अपने उद्गम-स्थान में ही अड़े रहें और कहीं भी उनका प्रयोग किया नहीं जाए तो उसके पीछे के उद्देश्य पर ही कुठाराघात होगा।

(i) भाषा का सीधा संबंध किससे है?

(ii) नए शब्दों के प्रयोग न किए जाने पर क्या परिणाम होगा?

(iii) 'कुठाराघात' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(v) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

निरख सखी, ये खंजन आए,
फेरे उन मेरे रंजन ने नयन इधर मन भाए।
फैला उनके तन का आतप, मन से सर सरसाए,
घूमे वे इस ओर वहाँ, ये हंस यहाँ उड़ छाए।
करके ध्यान आज इस जन का निश्चय वे मुसकाए,
फूल उठे हैं कमल, अधर-से यह बन्धूक सुहाए।
स्वागत, स्वागत, शरद, भाग्य से मैंने दर्शन पाए,
नभ ने मोती वारे, लो, ये अश्रु अर्घ्य भर लाए।।

(i) प्रस्तुत गीत में कौन-किससे कह रहा है?

(ii) गीत में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?

(iii) 'अधर-से' में कौन अलंकार है?

(iv) रेखांकित अंश का भावार्थ क्या है?

(v) कविता का शीर्षक और कवि का नाम बताइए।

***अथवा***

आज की दुनिया विचित्र, नवीन ;
प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन।
हैं बँधे नर के करों में वारि, विद्युत, भाप,
हुक्म पर चढ़ता-उतरता है पवन का ताप।
हैं नहीं बाकी कहीं व्यवधान,
लाँघ सकता नर सरित, गिरि, सिन्धु एक समान।

(i) आज के मनुष्य ने किस पर विजय प्राप्त कर ली है?

(ii) किसके हुक्म पर पवन का ताप चढ़ता-उतरता है?

(iii) 'कहीं भी व्यवधान नहीं बाकी है' का क्या अर्थ है?

(iv) रेखांकित पंक्ति का भावार्थ लिखिए।

(v) कविता का शीर्षक तथा कवि का नाम बताइए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : $2 + 2 = 4$

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल (ii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) $2 + 2 = 4$

(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) सुमित्रानन्दन पंत।

6. 'बहादुर' अथवा 'लाटी' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 4 ***अथवा***

'पंचलाइट' अथवा 'ध्रुव यात्रा' कहानी का संक्षिप्त कथानक लिखिए।

7. स्वपठित नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 4

(i) 'राजमुकुट' नाटक के आधार पर 'अकबर' का चरित्र-चित्रण कीजिए। ***अथवा***
'राजमुकुट' नाटक के तृतीय अंक की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'कुहासा और किरण' नाटक के आधार पर 'कृष्ण चैतन्य' का चरित्र-चित्रण कीजिए। ***अथवा***
'कुहासा और किरण' नाटक का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) 'आन का मान' नाटक के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। ***अथवा***
'आन का मान' नाटक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(iv) 'गरुड़ध्वज' नाटक के द्वितीय अंक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। ***अथवा***
'गरुड़ध्वज' नाटक के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

(v) 'सूतपुत्र' नाटक के आधार पर कर्ण का चरित्रांकन कीजिए। ***अथवा***
'सूतपुत्र' नाटक के चतुर्थ अंक का सारांश लिखिए।

8. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी **एक** खण्ड के **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 4

Gyansindhu Coaching Classes

(i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्रांकन कीजिए। ***अथवा***
'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के प्रमुख कारुणिक प्रसंगों का वर्णन कीजिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। ***अथवा***
'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कुन्ती' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर 'महात्मा गाँधी' के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। ***अथवा***
'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की किसी एक महत्त्वपूर्ण घटना का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(iv) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्धन' का चरित्र-चित्रण कीजिए। ***अथवा***
'त्यागपथी' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(v) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथासार वर्णित कीजिए। ***अथवा***
'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'दुःशासन' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(vi) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। ***अथवा***
'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

## ( खण्ड-ख )

9. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = 7

ततः कदाचिद् द्वारपाल आगत्य महाराजं भोजं प्राह – 'देव, कौपीनावशेषो विद्वान् द्वारि वर्तते' इति। राजा 'प्रवेशय' इति प्राह। ततः प्रविष्टः कविः भोजमावलोक्य अद्य मे द्रारिद्र्यनाशो भविष्यतीति मत्वा तुष्टो हर्षाणिमुमोच। ***अथवा***

याज्ञवल्क्यो मैत्रेयीमुवाच – मैत्रेयि ! उद्यास्यन अहम् अस्मात् स्थानादस्मि। ततस्ते अनया कात्यायन्या विच्छेदं करवाणि इति। मैत्रेयी उवाच – यदि इदं सर्वा पृथ्वी वित्तेन पूर्णा स्यात् तत् किं तेनाहममृतास्यामिति। याज्ञवल्क्य उवाच – नेति।

(ख) दिये गये पद्यांशों/श्लोकों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5= 7

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणुते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वदमेव सम्पदः।।

वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।
लोकोत्तराणां चेतासि को नु विज्ञातुमर्हति।। ***अथवा***

प्रत्यासन्नेऽपि मरणे रक्षोपायो विधीयते।

उपाये सफले रक्षा निष्फले नाधिकं मृतेः।।
व्याधिना पीड्यमानोऽपि मार्यमाणोऽपि भूभुजा।
प्रत्यायापि यमद्वरात् प्रतीकारपरो नरः।।

10. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) मुख में राम बगल में छुरी। (ii) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।
(iii) अपने पैरों पर खड़े होना। (iv) दाल में काला होना।

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'स्वागतम्' का सन्धि-विच्छेद है– 1
(A) स्व + आगतम् (B) सु + आगतम्
(C) स्वा + आगतम् (D) स्वा + गतम् ।

(ii) 'नायकः' का सन्धि-विच्छेद है– 1
(A) नै + अकः (B) नाय + कः
(C) न + अयकः (D) ने + अकः।

(iii) 'सज्जन' का सन्धि-विच्छेद है– 1
(A) सत् + जन (B) सत + जन
(C) स + ज्जन (D) सद + जन।

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही चयन कीजिए :

(i) 'नाम्ने' में विभक्ति और वचन है–
(A) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन (B) पंचमी विभक्ति, बहुवचन
(C) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन (D) सप्तमी विभक्ति, एकवचन। 1

(ii) 'राजानः' शब्द में विभक्ति और वचन है–
(A) द्वितीया विभक्ति, एकवचन (B) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन
(C) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन (D) प्रथमा विभक्ति, बहुवचन। 1

12. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :

(i) भवन-भुवन
(A) सृष्टि और घर (B) मकान और संसार
(C) अपना और पराया (D) जीव और ईश्वर 1

(ii) सुत-सूत
(A) सोना और जागना (B) विद्या और अविद्या
(C) पुत्र और धागा (D) खाना और पीना। 1

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो अर्थ लिखिए : 1 + 1 = 2
(i) जनक (ii) कनक (iii) स्नेह।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक** शब्द का चयन करके लिखिए :

(i) जिसकी कोई उपमा न हो।
(A) अपरिमेय (B) अद्वितीय (C) अनुपम (D) विरुपम । 1

(ii) सौ वर्ष का समय
(A) शताब्दी (B) दशाब्दी (C) आब्दी (D) सहस्त्राब्दी।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2
(i) पुराने बातों को भूल जाओ। (ii) केवल सौ रुपये मात्र की बात थी।
(iii) वह मुझे अपना शत्रुता समझता है। (iv) अब चल लेना चाहिए।

13. (क) 'वीर रस' **अथवा** 'हास्य रस' का स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। 1 + 1 = 2

(ख) 'रूपक' **अथवा** 'भ्रांतिमान' अलंकार का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1 + 1 = 2

(ग) 'दोहा' **अथवा** 'रोला' छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1 + 1 = 2

14. परीक्षा के समय बिजली कटौती न करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए। 2 + 4 = 6

***अथवा***

अपनी प्रिय पुस्तक मँगाने के लिए प्रकाशक को पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

(i) जनसंख्या-नियंत्रण

(ii) नैतिक शिक्षा का महत्त्व

(iii) खेलकूद का महत्त्व

(iv) सोशल मीडिया : अभिशाप या वरदान।

solved By:- Arunesh Sir